BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 08 अक्टूबर, 2024 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना कोतवाली नगर**

स्कूटी सवार लुटेरों से थाना कोतवाली नगर पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से लूटे गये 6,000/- रुपये अवैध असलहा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 07/08-10.2024 की रात्रि को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम एक अभिसूचना के आधार पर आवास विकास चौकी के पास बदनौरा पुल पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी तभी एक स्कूटी पर 02 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखायी दिये जिनको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुके तथा स्कूटी को तेजी से मोड़कर भागने लगे तभी बदनौरा पुल से कुछ दूरी पर बदमाशों की घेराबन्दी की गयी जिनके द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में सुहैल गोली लगने से घायल हो गया जिसको गिरफ्तार किया गया व 01 बदमाश अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा जिसकी कॉम्बिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान सुहैल पुत्र शम्सू निवासी सोनार वाली गली थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं, घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, लूटे गये रुपये, घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद हुई है। उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का लुटेरा हैं जिसके द्वारा दिनांक 07-10-2024 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत महिला से 30,000/- रूपये लूट की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं-896/24 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. सुहैल पुत्र शम्सू निवासी सोनार वाली गली थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 6,000 रुपये नकद (लूट हुए)
2- 01 स्कूटी एक्टिवा नं0 UP-13AZ-5180 (घटना में प्रयुक्त)
3- 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा, 01 खोखा कारतूस।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

अभियुक्त सुहैल का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं- 896/24 धारा 309(4) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

2- मुअसं- 897/24 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना कोतवाली नगर।

गिरफ्तार करने वाली थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम-

1- श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर

2- उ0नि0 श्री सुनील कुमार, उ0नि0 श्री मुनेश पाल।

3- है0का0 मोहित मलिक, है0का0 कपिल, का0 साबिर।

मीडिया सेल बुलंदशहर